राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा
निविदा सूचना संख्या– 02/2019–20

विशेष सचिव, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के आदेश संख्या–3493/पटना, दिनांक–26.12.18 के आलोक मे विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक, दरभंगा मे बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली– 2005 के कंडिका 131/1 के तहत सुरक्षा, सफाई, एवं बागवानी हेतु सेवा Out Sourcing के द्वारा प्राइवेट एजेन्सी के माध्यम से लिया जाना है। सुरक्षा, सफाई, एवं बागवानी कार्य हेतु सेवा उपलबध कराने हेतु इच्छुक, निबंधित एवं अनुभवी प्राइवेट एजेन्सी से निविदा हेतु एक बिल ऑफ मैटेरियल तैयार किया गया है जिसे इच्छुक निविदा दाताओं द्वारा रू0 1,000.00 (एक हजार मात्र) का नन रिफन्डेबल एकाउन्ट पेयी बैंक ड्रॉफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के पदनाम से दरभंगा में भुगतेय हो, एवं नगद रसीद कटाकर निविदा दिनांक–**13/11/2019** से दिनांकः– **23/11/2019** तक अपराह्न 05.00 बजे तक प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

1. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात स्वीकार नही किया जायेगा।
2. निविदादाताओं को आयकर विभाग में निबंधित होना चाहिए साथ–साथ अद्यतन कर शोधन प्रमाण–पत्र एवं आयकर पैनकार्ड की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति लगाना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को संस्थानों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में सेवा उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिए। इस हेतु उन्हें निविदा डालने के समय अनुभव से संबंधित प्रमाणिक साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदा दाताओं को आपराधिक चरित्र नही होने संबंधी एवं काली सूची में दर्ज नही रहने संबंधी शपथ पत्र का मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–8809, दिनांक 11.08.2011 का अनुपालन साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा के साथ मो० 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, दरभंगा के पदनाम से प्रतिभूति के रूप में एवं निविदा फार्म कय करने का रसीद (एक हजार रूपये) का मूल प्रति समर्पित करना होगा।
7. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग अलग सील बंद लिफाफा कमशः A और B में देना होगा। दोनों लिफाफा A एवं B को एक बड़े लिफाफा में डाल कर मुहर बंद करना अनिवार्य होगा। बड़े लिफाफा के उपर में निविदा सूचना संख्या अंकित रहना चाहिए।
8. मुहर बंद लिफाफों मे दिनांक–**25/11/2019** तक अपराह्न 05.00 बजे तक प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा, के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा खोलने की तिथि–**29/11/2019** को 11.30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना द्वारा गठित कय समिति के समक्ष तकनिकी निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
9. तकनीकी निविदा में सक्षम पाये गये निविदा दाताओं का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
10. निविदा को बिना कोई कारण बताये संशोधन करने, स्थगित करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
11. उक्त निविदा www.gpdarbhanga.org.in website पर भी देखी जा सकती है।

25/10/19

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
दरभंगा
25/10/019